**Regarding railway related issues of Maldaha Uttar Parliamentary Constituency, West Bengal-laid**

श्री खगेन मुर्मु **(मालदहा उत्तर) :** मैं माननीय रेल मंत्री महोदय का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र मालदहा उत्तर (पश्चिम बंगाल) की महत्वपूर्ण रेल आवश्यकताओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तीन नए स्टेशन एकलकखी स्टेशन, सिंगाबाद स्टेशन तथा गाजोल स्टेशन का विकास होने से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएँ मिलेंगी, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा । मेरे लोकसभा क्षेत्र मालदहा उत्तर (पश्चिम बंगाल) से बड़ी संख्या में लोग देश के अलग-अलग कोनों में काम करने के लिए जाते हैं । उनकी सुविधा के लिए निम्नलिखित चार नई सुपरफास्ट ट्रेनों की आवश्यकता है? मालदा से नई दिल्ली सुपरफास्ट ट्रेन, मालदा से बेंगलुरु सुपरफास्ट ट्रेन, मालदा से मुंबई सुपरफास्ट ट्रेन, मालदा से अहमदाबाद सुपरफास्ट ट्रेन । इन ट्रेनों के संचालन से न केवल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र का आर्थिक विकास भी तेजी से होगा । मेरे लोकसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास हेतु निम्नलिखित तीन रेल परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाए? बुलबुलचंडी से गंगारामपुर (वाया पकुवाहाट) गाजोल से गुंजोरिया (वाया ईटाहार) समसी से बारसोई (वाया चांचल) ये तीनों परियोजनाएँ क्षेत्र के यातायात और व्यापार में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती हैं । नई रेल लाइनों के निर्माण से उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा ।